**केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),**

**कम्प्यूटर भवन,**

**जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-800 023.**

**(वेबसाइट- www.csbc.bih.nic.in )**

**बिहार पुलिस बल में वर्ष 2014 में सिपाही पद की वर्तमान रिक्तियों पर नियुक्ति हेतु सूचना ।**

**आवेदन-पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि-28.02.2014 (शुक्रवार)**

## विज्ञापन संख्या-01/2014

**बिहार राज्य में सिपाही पद (वेतनमान 5200-20200+ ग्रेड पे 2000) की वर्तमान रिक्तियों की संख्या-11783 है।**

**इन पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या-01/2014 यहाँ जारी किया जा रहा है ।**

बिहार पुलिस अधिनियम 2007 (अधिनियम-7, 2007) की धारा- 55, सहपठित धारा- 94 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये राज्य सरकार द्वारा बिहार पुलिस हस्तक में वर्णित सिपाही के पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया को निर्धारित करने के लिए गृह (आरक्षी) विभाग द्वारा अधिसूचना संख्या क्रमशः 1) 4/ब-1-102/2008-6843, दिनांक-11.08.08, 2) 4/ब-1-102/2008/गृ0आ0-377, दिनांक-06.01.2012, 3) 4/पी03-10-03/2013-4111, दिनांक-28.05.2013 एवं 4) 4/ब1-102/2008/गृ0आ0-4573, दिनांक-13.06.2013 प्रकाशित की गयी हैं (जिन्हें पर्षद की वेबसाइट पर देखा जा सकता है)।

उक्त प्रक्रिया के अन्तर्गत केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा अभ्यर्थियों की पहले लिखित परीक्षा ली जायेगी एवं उसके आधार पर तैयार की गयी मेधा सूची में सफल उम्मीदवारों को निर्धारित अनुपात में शारीरिक जाँच-माप परीक्षण के लिए बुलाया जायेगा।

लिखित परीक्षा एवं शारीरिक जाँच-माप परीक्षण में सफल अभ्यर्थियों की अन्तिम चयन सूची उनकी मेधा के आधार पर तैयार की जायेगी । तदुपरांत अन्तिम चयन सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों की नियुक्ति की अनुशंसा चयन पर्षद द्वारा जिला पुलिस/रेल जिला पुलिस/बिहार सैन्य पुलिस एवं अन्य पुलिस इकाइयों के पुलिस अधीक्षकों

/समादेष्टाओं को भेजी जायेगी । जिला पुलिस/रेल जिला पुलिस/बिहार सैन्य पुलिस एवं अन्य पुलिस इकाइयों के पुलिस अधीक्षकों /समादेष्टाओं द्वारा अनुशंसित अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जायेगी । नियुक्ति के पूर्व वे चयनित उम्मीदवारों के चरित्र का सत्यापन एवं पहचान भली–भाँति जाँचकर सुनिश्चित कर लेंगे ।

जिला पुलिस/रेल जिला पुलिस/बिहार सैन्य पुलिस एवं अन्य पुलिस इकाइयों की रिक्तियों के लिए नियुक्ति की प्रक्रिया एक साथ होगी । अभ्यर्थियों को अपनी प्राथमिकता देने का अवसर दिया जायेगा कि वे प्राथमिकता 1. (जिला पुलिस/रेल जिला पुलिस), 2. (बिहार सैन्य पुलिस) अथवा 3. (अन्य पुलिस इकाइयों) में किसे देते हैं । नियुक्ति हेतु चयनित होने पर मेधाक्रम के अनुसार इनके द्वारा दी गयी प्राथमिकता पर विचार किया जायेगा तथा रिक्ति की उपलब्धता के आधार पर किसी जिला/ रेल जिला/वाहिनी/अन्य पुलिस इकाई में नियुक्त किया जायेगा ।

<u>लिखित प्रतियोगिता परीक्षा</u> :–

आवेदन–पत्रों के संकलन के उपरांत, आवेदन–पत्रों की जाँच की जायेगी एवं जिन अभ्यर्थियों के आवेदन–पत्र सही पाये जायेंगे उन्हें एडमिट कार्ड डाक द्वारा निर्गत किया जायेगा । जिन अभ्यर्थियों का एडमिट कार्ड निर्गत किया जायेगा उनकी लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी । लिखित परीक्षा का स्तर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की दसवीं कक्षा के स्तर का होगा एवं प्रश्न वस्तुनिष्ठ (ऑब्जेक्टिव) प्रकार के होंगे । लिखित परीक्षा 300 अंकों की होगी । दो घंटों के एक प्रश्न–पत्र में कुल 100 प्रश्न होंगे जिसमें प्रत्येक सही उत्तर के लिए तीन अंक देय होंगे । उत्तर–पुस्तिका दो प्रतियों में होगी जिनमें से एक प्रति कार्बन प्रति के रूप में होगी और यह प्रति चयन पर्षद के पास सुरक्षित रखी जाएगी ।

सभी कोटि यथा अनारक्षित (सामान्य) / आरक्षित / गृह रक्षक आदि के जो अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में कुल अंक का न्यूनतम 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करने में असफल रहेगें, वे निरर्हित (Disqualify) घोषित किये जायेंगे तथा उन्हें शारीरिक जाँच–माप परीक्षण में भाग लेने हेतु अयोग्य माना जायेगा ।

जिला पुलिस/रेल जिला पुलिस/बिहार सैन्य पुलिस एवं अन्य पुलिस इकाइयों में सिपाही के पद पर नियुक्ति हेतु चयन के लिए मेधा सूची, लिखित परीक्षा में अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त अंक के आधार पर तैयार की जायेगी। लिखित परीक्षा में दो या अधिक अभ्यर्थियों के समान अंक प्राप्त करने की दशा में मेधा सूची में उनके स्थान का निर्धारण, उनकी जन्म तिथियों के आधार पर; एवं समान अंक प्राप्त करने एवं समान जन्म तिथि वाले दो या अधिक अभ्यर्थियों की दशा में उनकी शैक्षणिक अर्हता के आधार पर निर्धारित किया जायेगा । इस प्रकार समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों में

अधिक उम्र वाले; एवं समान प्राप्तांक एवं समान जन्म तिथि वाले अभ्यर्थियों की दशा में उच्चतर शैक्षणिक अर्हता वाले अभ्यर्थी का स्थान मेधा सूची में उच्चतर रखा जायेगा ।

सिपाही के पद के लिए विज्ञापित रिक्तियों की संख्या के 5 गुणा अधिक, प्रत्येक कोटि यथा अनारक्षित (सामान्य) / आरक्षित / गृह रक्षक में अभ्यर्थियों को शारीरिक जाँच-माप परीक्षण हेतु बुलाया जाएगा । शारीरिक जाँच हेतु अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों की पर्याप्त संख्या में अनुपलब्धता की दशा में अभ्यर्थियों का अनुपात उपयुक्त रूप से कम किया जा सकेगा ।

लिखित परीक्षा के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को शारीरिक जाँच-माप परीक्षण में सम्मिलित होना होगा एवं इसमें सफल होना अनिवार्य होगा परन्तु शारीरिक जाँच-माप परीक्षण के आधार पर कोई अंक देय नहीं होगा । शारीरिक योग्यता के न्यूनतम निर्धारित मापदण्ड में कोई छूट अनुमान्य नहीं होगी ।

**पाठ्यक्रम** – लिखित प्रतियोगिता परीक्षा का पाठ्यक्रम पर्षद की वेबसाईट पर देखा जा सकता है तथा वहाँ से Download किया जा सकता है ।

**चिकित्सकीय परीक्षण** – नियुक्ति के पूर्व सभी चयनित अभ्यर्थियों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया जायेगा । आँख, कलर ब्लाइन्डनेस, श्रवण शक्ति, हकलाहट, फ्लैट-फुट एवं नौकिंग-नी आदि की भी जाँच की जायेगी । नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों का चिकित्सकीय परीक्षण में योग्य पाया जाना अनिवार्य होगा ।

**अभ्यर्थियों की उम्र (दिनांक 01 जनवरी 2014 को):**

(1) अनारक्षित (सामान्य) कोटि के पुरूषों एवं महिलाओं के लिए न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और अधिकतम उम्र 23 वर्ष ।

(2) पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के पुरूषों के लिए न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और अधिकतम उम्र 25 वर्ष ।

(3) पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और अधिकतम उम्र 26 वर्ष ।

(4) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति के पुरूषों एवं महिलाओं के लिए न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और अधिकतम उम्र 28 वर्ष होनी चाहिए ।

**अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता :- दिनांक 01.01.2014 अथवा इसके पूर्व इण्टरमीडिएट (10+2) परीक्षा में उत्तीर्ण अथवा समकक्ष शैक्षणिक योग्यता होनी चाहिए ।**

**आरक्षण** :- बिहार पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम 1991 (बिहार अधिनियम–3, 1992) (समय–समय पर यथा संशोधित) के अनुसार आरक्षण के प्रावधान लागू होंगे ।

i) **गृह रक्षकों के लिए प्रावधानः**

परन्तु सिपाहियों की कुल उपलब्ध रिक्तियों के अधिकतम 50 प्रतिशत को केवल बिहार के प्रशिक्षित एवं बिहार में नामांकित गृहरक्षकों से भरा जा सकेगा । गृहरक्षकों से भरी जानेवाली रिक्तियों के लिए भी बिहार अधिनियम– 3, 1992 के प्रावधानों के अनुसार कोटिवार आरक्षण लागू होगा ।

गृहरक्षकों से भरी जानेवाली रिक्तियों के लिए निर्धारित अधिकतम उम्र सीमा में सभी कोटि / आरक्षण कोटि के गृह रक्षकों को पाँच वर्षों की छूट दी जाएगी ।

योग्य गृह रक्षक उम्मीदवारों की पर्याप्त संख्या में अनुपलब्धता की दशा में गृह रक्षक कोटे की शेष रिक्तियों को उसी कोटि के गैर गृह रक्षक उम्मीदवारों से भरा जा सकेगा ।

**ii) महिलाओं के लिए प्रावधानः**

आरक्षण प्रावधानों के अनुसार 3 प्रतिशत पद **'पिछड़े वर्ग की महिलाओं'** के लिए आरक्षित हैं । **उक्त 3 प्रतिशत आरक्षण को अक्षुण्ण रखते हुए शेष आरक्षित एवं गैर आरक्षित कोटि/श्रेणी/जाति/वर्गों के 97 प्रतिशत पदों के 35 प्रतिशत पद प्रत्येक आरक्षित/गैर आरक्षित कोटि में अलग–अलग महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे** ।

योग्य महिला अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता की स्थिति में तीन भर्ती वर्षों तक उन रिक्तियों को अग्रणित किया जायेगा तथा तीसरे भर्ती वर्ष में भी सुयोग्य महिला उम्मीदवारों की अनुपलब्धता की स्थिति में उसे उसी भर्ती वर्ष में गृह (आरक्षी) विभाग से आदेश प्राप्त कर संबंधित कोटि (आरक्षित/गैर आरक्षित) के पुरूष उम्मीदवारों से भरा जा सकेगा ।

**बिहार अधिनियम–3/1992 की धारा–4(3) में निहित प्रावधानों के अनुसार महिलाओं के लिए उपर्युक्त 35 प्रतिशत के अतिरिक्त यथा स्थिति मेधानुसार भी महिलाओं की नियुक्ति की जा सकेगी ।**

**ऊँचाई** –

(1) अनारक्षित (सामान्य) वर्ग के पुरूषों एवं पिछड़ा वर्ग के पुरूषों के लिए – न्यूनतम 165 सेन्टीमीटर ।

(2) अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के पुरूषों के लिए – न्यूनतम 162 सेन्टीमीटर ।

(3) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति के पुरूषों के लिए – न्यूनतम 160 सेन्टीमीटर ।

(4) भारतीय मूल के गोरखा के लिए सिर्फ बिहार सैन्य पुलिस–1 (गोरखा बटालियन) में – न्यूनतम 158 सेन्टीमीटर ।

(5) सभी वर्गों की महिलाओं के लिए – न्यूनतम 155 सेन्टीमीटर ।

<u>सीना (सिर्फ पुरूषों के लिए)</u> –

(1) अनारक्षित (सामान्य) वर्ग, पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के पुरूषों के लिए –
बिना फुलाए – 81 सेन्टीमीटर (न्यूनतम)
फुलाकर – 86 सेन्टीमीटर (न्यूनतम)
(फुलाने के बाद सीना में कम से कम 5 सेन्टीमीटर का अन्तर होना अनिवार्य होगा) ।

(2) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति के पुरूषों के लिए –
बिना फुलाए – 79 सेन्टीमीटर (न्यूनतम)
फुलाकर– 84 सेन्टीमीटर (न्यूनतम)
(फुलाने के बाद सीना में कम से कम 5 सेन्टीमीटर का अन्तर होना अनिवार्य होगा) ।

(3) भारतीय मूल के गोरखा के लिए सिर्फ बिहार सैन्य पुलिस–1 (गोरखा बटालियन) में –
बिना फुलाए – 79 सेन्टीमीटर (न्यूनतम)
फुलाकर – 84 सेन्टीमीटर (न्यूनतम)
(फुलाने के बाद सीना में कम से कम 5 सेन्टीमीटर का अन्तर होना अनिवार्य होगा) ।

<u>शारीरिक योग्यताएँ</u> –

(1) **दौड़ –**

**<u>पुरूषों के लिए</u> –**
एक मील की दौड़ के लिए समय सीमा :–
6 मिनट (अधिक समय लेने वाले अभ्यर्थी असफल घोषित होंगे)।

**<u>महिलाओं के लिए</u> –**
एक किलोमीटर की दौड़ के लिए समय सीमा :–
6 मिनट (अधिक समय लेने वाली अभ्यर्थी असफल घोषित होंगी)।

(2) **<u>उँची कूद –</u>**

**पुरूषों के लिए** – न्यूनतम 4 (चार) फुट

**महिलाओं के लिए** – न्यूनतम 3 (तीन) फुट

(3) **<u>लंबी कूद –</u>**

**पुरूषों के लिए** – न्यूनतम 12 (बारह) फुट

**महिलाओं के लिए** – न्यूनतम 9 (नौ) फुट

(4) **<u>गोला फेंक –</u>**

**<u>पुरूषों के लिए</u>** – 16 पौंड का गोला

न्यूनतम 16 (सोलह) फुट फेंकना होगा ।

**<u>महिलाओं के लिए</u>** – 12 पौंड का गोला

न्यूनतम 10 (दस) फुट फेंकना होगा ।

**<u>रिक्ति</u> :–** जिला पुलिस/रेल जिला पुलिस/बिहार सैन्य पुलिस एवं अन्य पुलिस इकाइयों में **सिपाही पद पर रिक्ति (अनुलग्नक–'क')** पर अंकित विवरणी में दर्शायी गयी है।

**<u>आवेदन–पत्र</u> :–** सभी अभ्यर्थियों को निर्धारित शुल्क पर (परीक्षा शुल्क के रूप में) आवेदन–पत्र का क्रय करना होगा ।

**केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग एवं अनारक्षित (सामान्य) वर्ग के पुरूष एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए गुलाबी रंग का आवेदन–पत्र जिसका मूल्य 200/–(दो सौ) रूपये तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति के पुरूष एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए बादामी रंग का आवेदन–पत्र मुद्रित कराकर जारी किया गया है जिसका मूल्य 75/–(पचहत्तर) रूपये है ।**

**यह नियुक्ति वर्तमान रिक्तियों के विरूद्ध की जा रही है । इस नियुक्ति में बिहार सरकार द्वारा लागू आरक्षण सम्बन्धी सभी नियम प्रभावी होंगे । मात्र उन्हीं पुरुष एवं महिला अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ मिलेगा जो बिहार राज्य के स्थायी निवासी हैं । अन्य राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों के स्थायी निवासी चाहे वे किसी भी कोटि/श्रेणी/जाति/वर्ग के हों उन्हें सामान्य श्रेणी का माना जायेगा तथा आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा । अतः बिहार राज्य को छोड़ कर अन्य राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों के सभी अभ्यर्थी चाहे वे किसी भी कोटि/श्रेणी/जाति/वर्ग के हों वे केवल गुलाबी रंग का आवेदन–पत्र ही भरेंगे जिसका मूल्य 200/–(दो सौ) रूपये निर्धारित है । ऐसे सभी अभ्यर्थी स्वयं को अनारक्षित घोषित करेंगे अन्यथा उनके आवेदन–पत्र को रद्द कर दिया जायेगा ।**

**केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा जारी आवेदन–पत्र बिहार राज्य में अवस्थित डाकघरों (जिनकी संख्या–100 है) में उपलब्ध हैं । उपरोक्त डाकघरों (देखें अनुलग्नक–'ख') से आवेदन–पत्र किसी भी कार्य दिवस को कार्यावधि में क्रय किये जा सकते हैं । उक्त सूची (अनुलग्नक–'ख') के डाकघरों द्वारा आवेदन–पत्रों की बिक्री का कार्य दिनांक–21.01.2014 (मंगलवार) को प्रारम्भ किया जायेगा । बिक्री की अंतिम तिथि–28.02.2014 (शुक्रवार) निर्धारित की गयी है ।**

केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा जारी किये गये आवेदन–पत्र अनुलग्नक–'ख' की सूची में दिये गये डाकघरों से ही क्रय किये जायें ।

अभ्यर्थियों को निर्देश दिया जाता है कि किसी भी परिस्थिति में वे केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा जारी आवेदन–पत्र के स्थान पर अन्य प्रकार के आवेदन–पत्र का क्रय अथवा उपयोग नहीं करें तथा यह भी कि निर्धारित आवेदन–पत्र के स्थान पर इसकी फोटो कॉपी का उपयोग नहीं किया जाय अन्यथा आवेदन–पत्र रद्द कर दिये जायेंगे ।

कोई अभ्यर्थी चाहे वे किसी भी जिले के निवासी हों, अनुलग्नक–'ख' में दी गयी सूची के किसी भी डाकघर से आवेदन–पत्र का क्रय कर सकते हैं । आवेदन–पत्र सुलभता से उपलब्ध हैं जिन्हें सुविधानुसार क्रय किया जा सकता है ।

**आवेदन–पत्र भरने के लिए आवश्यक निर्देश :–**

अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आवेदन–पत्र भरने के संबंध में आवश्यक निर्देश आवेदन–पत्र के पृष्ठ भाग में मुद्रित करा दिये गये हैं । अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि यह एक कम्प्यूटरीकृत आवेदन–पत्र है । **अतः आवेदन–पत्र भरने के पूर्व सभी निर्देशों को सावधानी पूर्वक अवश्य पढ़ लें तथा दिये गये निर्देशानुसार ही आवेदन–पत्र को सही–सही भरें** । आवेदन–पत्र को केवल काले डॉट (बॉल) पेन से ही भरें।

**अभ्यर्थी स्वयं की लिखावट में पूर्ण रूप से एवं सुस्पष्ट अक्षरों में भरकर अपना एक ही आवेदन–पत्र भेजें ।**

आवेदन–पत्र भरने में किसी प्रकार का पुनर्लेखन (Over writing), काटकूट (Cutting), विलेखन (Erasing) होने पर आवेदन–पत्र अस्वीकृत कर दिये जायेंगे ।

अपूर्ण रूप से भरे हुये या दूसरे के द्वारा भरे हुये अथवा एक से अधिक आवेदन–पत्र प्राप्त होने पर सभी आवेदन–पत्र अस्वीकृत कर दिये जायेंगे । **फर्जी नाम**

**पते के आधार पर आवेदन–पत्र भरने वाले उम्मीदवारों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी ।**

आवेदन–पत्र अँग्रेज़ी में भरें ।

**आवेदक, आवेदन–पत्र के निर्दिष्ट स्थान पर अपना पासपोर्ट साईज का दो माह के अंदर का खींचा हुआ <u>रंगीन (Colour) फोटो</u> निश्चित रूप से चिपकायें । फोटो ठीक ढंग से चिपकायें ताकि आवेदन–पत्र से अलग होकर गिर नहीं जाये ।**

**आवेदक अपना पूरा हस्ताक्षर अँग्रेज़ी तथा हिन्दी में आवेदन–पत्र के निर्दिष्ट स्थान पर निर्धारित बॉक्स के अन्दर निश्चित रूप से करें अन्यथा उनका आवेदन–पत्र अस्वीकृत कर दिया जायेगा।**

गैर गृह रक्षक कोटि के आवेदक यदि आवेदन–पत्र में स्वयं को गृह रक्षक कोटि का घोषित करेंगे तो इसका पता चलने पर उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी। इसी प्रकार आवेदन–पत्र में यदि अत्यंत पिछड़ा वर्ग (EBC) के आवेदक स्वयं को पिछड़ा वर्ग (BC) या पिछड़ा वर्ग (BC) के आवेदक स्वयं को अत्यंत पिछड़ा वर्ग (EBC) के रूप में घोषित करते हैं तो उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी । इसी प्रकार यदि अनुसूचित जाति (SC) के आवेदक स्वयं को अनुसूचित जन जाति (ST) या अनुसूचित जन जाति (ST) के आवेदक स्वयं को अनुसूचित जाति (SC) के रूप में घोषित करते हैं तो उनकी भी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी । अतः ऐसे आवेदक पूर्णतः आश्वस्त हो लें कि वे किस वर्ग अथवा जाति में हैं । यह भी उल्लेखनीय है कि यदि गैर गोरखा (Non Gurkha) आवेदक स्वयं को गोरखा (Gurkha) घोषित करते हैं तो उनकी भी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी ।

आवेदकों को सूचित किया जाता है कि अपनी **कोटि/श्रेणी/जाति/वर्ग** के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) की **वेबसाइट– <u>www.csbc.bih.nic.in</u>** देखें ।

आवेदक जन्म तिथि के कॉलम में **अपनी जन्म तिथि का उल्लेख अपने शैक्षणिक प्रमाण–पत्र के आधार पर सही रूप से करें । आवेदक आवेदन–पत्र में अपने फोटो पहचान–पत्र की संख्या निर्धारित स्थान पर अवश्य अंकित करें ।**

**आवेदक आवेदन–पत्र में अपना Mobile Number निर्धारित स्थान पर अवश्य अंकित करें ताकि परीक्षा संबंधी आवश्यक सूचनाओं से उन्हें तत्काल अवगत कराया जा सके ।**

आवेदक/आवेदिका **आवेदन–पत्र में अपना नाम, पिता/पति का नाम, जन्म तिथि आदि बिल्कुल सही–सही भरें । प्रमाण–पत्रों से मिलान के समय यदि इनमें कोई भिन्नता पायी जाती है तो आवेदक/आवेदिका की उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी ।**

**<u>महत्वपूर्ण निर्देश</u> :–**

**आवेदक, आवेदन–पत्र के साथ किसी प्रकार का अभिलेख या कोई भी प्रमाण–पत्र संलग्न न करें ।**

**अभ्यर्थी आवेदन–पत्र को निर्देशानुसार भरकर दिये गये चिन्हों (रेखाओं) के आधार पर मोड़ दें एवं उचित साईज के लिफाफे में डालकर केन्द्रीय चयन पर्षद के नीचे दिये गये पते पर भेज दें । आवेदन–पत्र को किसी अन्य स्थान से न मोड़ें । आवेदन–पत्र के साथ कोई लिफाफा नहीं दिया जा रहा है । अतः लिफाफा की व्यवस्था अभ्यर्थियों को स्वयं करनी होगी ।**

**भविष्य में पत्राचार/जानकारी प्राप्त करने के लिए Application Form Number आवश्यक है । अतः <u>पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन–पत्र (फ़ोटो सहित) की छायाप्रति आवेदक अपने पास अवश्य सुरक्षित रखें</u> । केन्द्रीय चयन पर्षद से पत्राचार करते समय आवेदन–पत्र की छाया प्रति निश्चित रूप से संलग्न करें ।**

**<u>आवेदन–पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि</u> :–**

**आवेदन–पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि–28.02.2014 (शुक्रवार) निर्धारित है एवं इसमें कोई विस्तार नहीं किया जायेगा । पूरी तरह से भरा हुआ आवेदन–पत्र सचिव, केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), बैक हार्डिंग रोड, पटना–800001 के पते पर अंतिम तिथि या उसके पूर्व पहुँच जाना चाहिए ।**

**अभ्यर्थी भरे हुये आवेदन–पत्र को डाकघर द्वारा <u>रजिस्टर्ड डाक या स्पीड पोस्ट</u> से ही भेजें ।**

**अभ्यर्थी भरे हुये आवेदन–पत्र को लिफाफे में सीलबंद कर केन्द्रीय चयन पर्षद के बैक हार्डिंग रोड, पटना अवस्थित उक्त कार्यालय पर बने काउन्टर पर भी रविवार के अतिरिक्त किसी कार्य दिवस को अंतिम तिथि या इसके पूर्व 09:00 बजे पूर्वाह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक जमा करा सकते हैं ।**

**जो अभ्यर्थी अपना आवेदन–पत्र केन्द्रीय चयन पर्षद के कार्यालय में जमा कराना चाहते हैं उन्हें व्यक्तिगत रूप से स्वयं उपस्थित होकर यह कार्य करना होगा । किसी दूसरे के द्वारा भेजे गये आवेदन–पत्र नहीं लिये जायेंगे । अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय चयन पर्षद के कार्यालय काउन्टर पर एक बार में एक ही अभ्यर्थी का आवेदन–पत्र लिया जायेगा न कि बड़ी संख्या में ।**

**जो अभ्यर्थी केन्द्रीय चयन पर्षद के कार्यालय काउन्टर पर अपना आवेदन–पत्र जमा कराना चाहते हैं उन्हें अपने साथ पूरी तरह से भरा हुआ Acknowledgement Slip (पावती) साथ में लाना होगा जिसकी केन्द्रीय चयन पर्षद की मुहर लगी अधकट्टी, आवेदन–पत्र जमा किये जाने के पश्चात उन्हें दे दी जायेगी ।**

Acknowledgement Slip का नमूना उसी माप का जो इस विज्ञापन में प्रकाशित किया गया है, उसकी छायाप्रति कराकर आवेदक उसका उपयोग Acknowledgement Slip (पावती) के रूप में कर सकते हैं । जैसा कि स्पष्ट है Acknowledgement Slip में अभ्यर्थी अपना दो माह के अंदर का खींचा हुआ पासपोर्ट साईज का 2 (दो) रंगीन (Colour) फोटो निर्दिष्ट स्थान पर भली–भाँति चिपका देंगे एवं नाम आदि अन्य सूचनाओं को पूरी तरह से भरकर तथा निर्दिष्ट स्थान पर अपना हस्ताक्षर कर इस Acknowledgement Slip को आवेदन–पत्र के साथ लाकर केन्द्रीय चयन पर्षद के कार्यालय काउन्टर से इसकी अधकट्टी प्राप्त कर पावती के रूप में रख सकते हैं।

अभ्यर्थी स्पष्ट रूप से यह समझ लें कि केन्द्रीय चयन पर्षद उनका आवेदन–पत्र प्राप्त नहीं होने अथवा किन्हीं अन्य कारणों से विलंब से प्राप्त होने के लिए किसी भी परिस्थिति में उत्तरदायी नहीं होगा । **निर्धारित अंतिम तिथि 28.02.2014 (शुक्रवार) के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन–पत्र पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जायेगा और विलंब से प्राप्त होने वाले सभी आवेदन–पत्रों को अस्वीकृत कर दिया जायेगा ।** अतः वे यह सुनिश्चित कर लें कि उनके आवेदन–पत्र निर्धारित अंतिम तिथि **28.02.2014 (शुक्रवार)** तक या उसके पूर्व केन्द्रीय चयन पर्षद के कार्यालय में पहुँच जायें ।

आवेदन–पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि के उपरांत सभी आवेदन–पत्रों के जाँचोपरान्त अभ्यर्थियों का डाटा बेस बनाकर लिखित परीक्षा के लिए उन्हें प्रवेश–पत्र डाक द्वारा निर्गत किया जायेगा । लिखित परीक्षा के सम्बन्ध में विधिवत सूचना समाचार–पत्रों के माध्यम से यथासमय दी जायेगी ।

**अध्यक्ष,**
**केन्द्रीय चयन पर्षद,**
**बिहार, पटना ।**

(अनुलग्नक क)

## सिपाही पद पर जिला पुलिस, रेल जिला पुलिस, बिहार सैन्य पुलिस एवं अन्य पुलिस इकाइयों में उपलब्ध वर्तमान रिक्तियों (2014) की विवरणी तालिका

### *जिला पुलिस एवं रेल जिला पुलिस*

| क्रमांक | जिला पुलिस एवं रेल जिला पुलिस | अनु. जाति | अनु. जाति महिला (35%) | अनु.जन जाति | अनु.जन जाति महिला (35%) | अत्यंत पिछड़ा वर्ग | अत्यंत पिछड़ा वर्ग महिला (35 %) | पिछड़ा वर्ग | पिछड़ा वर्ग महिला (35%) | पिछड़े वर्गो की महिला (3%) | अनारक्षित (सामान्य) | अनारक्षित (सामान्य) महिला (35 %) | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **पटना** | 85 | 50 | 5 | 3 | 97 | 55 | 67 | 34 | 26 | 279 | 143 | **844** |
| 2 | नालंदा | 29 | 18 | 2 | 1 | 33 | 20 | 23 | 13 | 9 | 98 | 50 | **296** |
| 3 | गया | 102 | 28 | 0 | 0 | 96 | 33 | 1 | 20 | 13 | 100 | 79 | **472** |
| 4 | जहानाबाद | 24 | 7 | 0 | 0 | 24 | 9 | 1 | 4 | 13 | 24 | 22 | **128** |
| 5 | अरवल | 12 | 8 | 1 | 0 | 14 | 8 | 10 | 5 | 4 | 41 | 21 | **124** |
| 6 | औरंगाबाद | 36 | 20 | 0 | 0 | 65 | 35 | 0 | 0 | 21 | 278 | 150 | **605** |
| 7 | नवादा | 75 | 41 | 3 | 1 | 41 | 28 | 32 | 16 | 11 | 93 | 48 | **389** |
| 8 | भोजपुर | 32 | 18 | 2 | 1 | 35 | 21 | 25 | 12 | 9 | 104 | 52 | **311** |
| 9 | बक्सर | 16 | 9 | 2 | 0 | 19 | 10 | 12 | 6 | 5 | 52 | 27 | **158** |
| 10 | रोहतास | 46 | 25 | 3 | 1 | 52 | 28 | 34 | 19 | 13 | 144 | 77 | **442** |
| 11 | कैमूर | 20 | 12 | 1 | 1 | 22 | 14 | 16 | 7 | 6 | 65 | 34 | **198** |
| 12 | **मुजफ्फरपुर** | 40 | 25 | 2 | 1 | 46 | 27 | 32 | 17 | 12 | 133 | 69 | **404** |
| 13 | वैशाली | 28 | 17 | 3 | 0 | 31 | 19 | 22 | 11 | 9 | 92 | 48 | **280** |
| 14 | सीतामढ़ी | 31 | 19 | 2 | 1 | 36 | 20 | 25 | 13 | 9 | 103 | 54 | **313** |
| 15 | शिवहर | 7 | 4 | 1 | 0 | 9 | 4 | 5 | 3 | 2 | 23 | 12 | **70** |
| 16 | पूर्वी चम्पारण | 43 | 13 | 1 | 0 | 45 | 15 | 31 | 8 | 10 | 14 | 37 | **217** |
| 17 | पश्चिमी चम्पारण | 29 | 16 | 3 | 0 | 31 | 20 | 23 | 11 | 8 | 93 | 48 | **282** |
| 18 | बगहा | 20 | 13 | 2 | 0 | 22 | 14 | 16 | 8 | 6 | 67 | 34 | **202** |
| 19 | सारण | 35 | 18 | 2 | 1 | 56 | 21 | 24 | 12 | 32 | 50 | 51 | **302** |
| 20 | सिवान | 11 | 6 | 1 | 0 | 44 | 7 | 8 | 4 | 17 | 0 | 3 | **101** |
| 21 | गोपालगंज | 6 | 3 | 1 | 0 | 7 | 4 | 14 | 6 | 2 | 19 | 11 | **73** |
| 22 | **दरभंगा** | 20 | 12 | 2 | 1 | 23 | 14 | 17 | 8 | 6 | 68 | 35 | **206** |
| 23 | मधुबनी | 27 | 17 | 10 | 1 | 31 | 20 | 18 | 11 | 10 | 87 | 48 | **280** |
| 24 | समस्तीपुर | 26 | 17 | 3 | 0 | 29 | 20 | 21 | 11 | 8 | 90 | 46 | **271** |
| 25 | सहरसा | 13 | 8 | 1 | 0 | 14 | 9 | 11 | 5 | 4 | 43 | 22 | **130** |
| 26 | मधेपुरा | 7 | 4 | 1 | 0 | 18 | 5 | 5 | 3 | 3 | 22 | 12 | **80** |
| 27 | सुपौल | 12 | 8 | 1 | 0 | 14 | 8 | 10 | 5 | 4 | 42 | 21 | **125** |
| 28 | पूर्णिया | 14 | 8 | 2 | 0 | 17 | 9 | 11 | 6 | 5 | 47 | 25 | **144** |
| 29 | अररिया | 9 | 5 | 1 | 0 | 9 | 6 | 7 | 3 | 2 | 28 | 15 | **85** |
| 30 | किशनगंज | 2 | 1 | 0 | 0 | 17 | 12 | 0 | 0 | 5 | 73 | 37 | **147** |
| 31 | कटिहार | 15 | 9 | 0 | 0 | 5 | 10 | 0 | 6 | 1 | 80 | 26 | **152** |
| 32 | **भागलपुर** | 27 | 16 | 2 | 1 | 30 | 18 | 22 | 11 | 8 | 89 | 46 | **270** |
| 33 | बांका | 14 | 8 | 1 | 0 | 15 | 9 | 11 | 5 | 3 | 43 | 23 | **132** |
| 34 | नवगछिया | 6 | 4 | 0 | 0 | 7 | 6 | 5 | 3 | 1 | 22 | 11 | **65** |
| 35 | मुंगेर | 18 | 12 | 2 | 0 | 20 | 14 | 15 | 7 | 6 | 62 | 32 | **188** |
| 36 | शेखपुरा | 5 | 3 | 1 | 0 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 | 16 | 9 | **50** |
| 37 | लखीसराय | 11 | 7 | 1 | 0 | 12 | 7 | 8 | 5 | 3 | 38 | 18 | **110** |
| 38 | जमुई | 27 | 16 | 2 | 0 | 29 | 18 | 22 | 10 | 8 | 86 | 45 | **263** |
| 39 | खगड़िया | 15 | 8 | 0 | 1 | 17 | 9 | 12 | 5 | 4 | 48 | 23 | **142** |
| 40 | बेगूसराय | 19 | 11 | 2 | 0 | 20 | 13 | 15 | 7 | 5 | 60 | 32 | **184** |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 41 | **रेल मुजफ्फरपुर** | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | **3** |
| 42 | रेल जमालपुर | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | 2 | 2 | 1 | 0 | 7 | 4 | **22** |
| 43 | रेल कटिहार | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | **3** |
| | **कुल योग** | 1016 | 545 | 70 | 15 | 1162 | 624 | 637 | 343 | 324 | 2926 | 1601 | 9263 |

## ***बिहार सैन्य पुलिस***

| क्रमांक | बिहार सैन्य पुलिस | अनु. जाति | अनु. जाति महिला (35%) | अनु.जन जाति | अनु.जन जाति महिला (35%) | अत्यंत पिछड़ा वर्ग | अत्यंत पिछड़ा वर्ग महिला (35 %) | पिछड़ा वर्ग | पिछड़ा वर्ग महिला (35%) | पिछड़े वर्गो की महिला (3%) | अनारक्षित (सामान्य) | अनारक्षित (सामान्य) महिला (35 %) | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 44 | **बिहार सैन्य पुलिस-1 (गोरखा)** | 0 | 10 | 0 | 0 | 0 | 11 | 0 | 7 | 0 | 110 | 28 | **166** |
| 45 | बिहार सैन्य पुलिस-2 | 30 | 16 | 2 | 1 | 33 | 17 | 23 | 13 | 12 | 87 | 47 | **281** |
| 46 | बिहार सैन्य पुलिस-3 | 5 | 6 | 0 | 0 | 8 | 7 | 0 | 4 | 5 | 44 | 16 | **95** |
| 47 | बिहार सैन्य पुलिस-4 | 10 | 5 | 1 | 0 | 11 | 6 | 7 | 4 | 3 | 31 | 16 | **94** |
| 48 | बिहार सैन्य पुलिस-5 | 10 | 6 | 1 | 0 | 13 | 7 | 8 | 3 | 6 | 30 | 14 | **98** |
| 49 | बिहार सैन्य पुलिस-6 | 11 | 7 | 1 | 1 | 14 | 8 | 9 | 5 | 4 | 40 | 21 | **121** |
| 50 | बिहार सैन्य पुलिस-7 | 38 | 16 | 3 | 1 | 24 | 21 | 0 | 12 | 29 | 123 | 47 | **314** |
| 51 | बिहार सैन्य पुलिस-8 | 2 | 3 | 0 | 0 | 3 | 3 | 3 | 1 | 1 | 10 | 5 | **31** |
| 52 | बिहार सैन्य पुलिस-9 | 15 | 4 | 1 | 0 | 17 | 5 | 12 | 3 | 3 | 50 | 10 | **120** |
| 53 | बिहार सैन्य पुलिस-10 | 13 | 8 | 0 | 1 | 16 | 9 | 11 | 5 | 4 | 45 | 22 | **134** |
| 54 | बिहार सैन्य पुलिस-11 | 9 | 4 | 1 | 0 | 9 | 5 | 6 | 3 | 2 | 25 | 13 | **77** |
| 55 | बिहार सैन्य पुलिस-12 | 22 | 3 | 4 | 0 | 0 | 4 | 10 | 3 | 5 | 0 | 10 | **61** |
| 56 | बिहार सैन्य पुलिस-13 | 9 | 5 | 0 | 0 | 8 | 6 | 7 | 3 | 2 | 26 | 14 | **80** |
| 57 | बिहार सैन्य पुलिस-14 | 11 | 6 | 0 | 1 | 18 | 7 | 9 | 4 | 2 | 32 | 18 | **108** |
| 58 | बिहार सैन्य पुलिस-15 | 30 | 15 | 4 | 2 | 21 | 11 | 9 | 4 | 22 | 73 | 37 | **228** |
| 59 | महिला सशस्त्र वाहिनी | 0 | 12 | 0 | 1 | 0 | 14 | 0 | 18 | 4 | 0 | 17 | **66** |
| | **कुल योग** | 215 | 126 | 18 | 8 | 195 | 141 | 114 | 92 | 104 | 726 | 335 | 2074 |

## ***अन्य पुलिस इकाइयाँ***

| क्रमांक | अन्य पुलिस इकाइयाँ | अनु. जाति | अनु. जाति महिला (35%) | अनु.जन जाति | अनु.जन जाति महिला (35%) | अत्यंत पिछड़ा वर्ग | अत्यंत पिछड़ा वर्ग महिला (35 %) | पिछड़ा वर्ग | पिछड़ा वर्ग महिला (35%) | पिछड़े वर्गो की महिला (3%) | अनारक्षित (सामान्य) | अनारक्षित (सामान्य) महिला (35 %) | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 60 | सी0टी0एस0, नाथनगर | 2 | 0 | 0 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | **6** |
| 61 | सी0टी0एस0 सिमुलतल्ला | 18 | 11 | 2 | 0 | 21 | 12 | 15 | 7 | 5 | 60 | 31 | **182** |
| 62 | अपराध अनुसंधान विभाग | 7 | 4 | 0 | 1 | 10 | 3 | 6 | 3 | 3 | 25 | 12 | **74** |
| 63 | आर्थिक अपराध ईकाई | 8 | 4 | 1 | 0 | 9 | 4 | 6 | 3 | 2 | 25 | 13 | **75** |
| 64 | बिहार पुलिस अकादमी | 4 | 3 | 0 | 0 | 5 | 3 | 3 | 2 | 1 | 15 | 7 | **43** |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 65 | परिवहन मुख्यालय | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 3 | 1 | **7** |
| 66 | विद्युत पर्षद कोषांग, निगरानी विभाग | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 2 | 2 | **9** |
| 67 | विशेष शाखा | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | **4** |
| 68 | पुलिस मुख्यालय | 5 | 2 | 0 | 0 | 6 | 2 | 4 | 2 | 1 | 16 | 8 | **46** |
| **कुल योग** | | 48 | 24 | 3 | 2 | 57 | 24 | 34 | 19 | 12 | 148 | 75 | 446 |

## *संक्षिप्त विवरणी*

| **क्रमांक** | **जिला / वाहिनी / अन्य इकाई** | **अनु. जाति** | **अनु. जाति महिला (35%)** | **अनु.जन जाति** | **अनु.जन जाति महिला (35%)** | **अत्यंत पिछड़ा वर्ग** | **अत्यंत पिछड़ा वर्ग महिला (35 %)** | **पिछड़ा वर्ग** | **पिछड़ा वर्ग महिला (35%)** | **पिछड़े वर्गों की महिला (3%)** | **अनारक्षित (सामान्य)** | **अनारक्षित (सामान्य) महिला (35 %)** | **कुल योग** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला पुलिस एवं रेल जिला पुलिस | 1016 | 545 | 70 | 15 | 1162 | 624 | 637 | 343 | 324 | 2926 | 1601 | 9263 |
| 2 | बिहार सैन्य पुलिस | 215 | 126 | 18 | 8 | 195 | 141 | 114 | 92 | 104 | 726 | 335 | 2074 |
| 3 | अन्य पुलिस इकाइयाँ | 48 | 24 | 3 | 2 | 57 | 24 | 34 | 19 | 12 | 148 | 75 | 446 |
| **कुल योग** | | 1279 | 695 | 91 | 25 | 1414 | 789 | 785 | 454 | 440 | 3800 | 2011 | 11783 |

**(अनुलग्नक–ख)**

**केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) से संबंधित आवेदन–पत्रों के विक्रय हेतु प्रधान डाकघर / डाकघरों की सूचीः–**

**पटना जिला**– पटना जी0पी0ओ0, बाँकीपुर एच0ओ0, महेन्द्रू, पटना यूनिवर्सिटी, लोहियानगर, पटना सिटी, अनिसाबाद, फुलवारीशरीफ, दानापुर कैन्ट, दीघाघाट, बिहटा, फतुहा, मसौढ़ी, बख्तियारपुर, बाढ़, मोकामा, **नालंदा जिला–**बिहारशरीफ एच0ओ0, हिलसा, इसलामपुर, राजगीर, अस्थावाँ, **गया जिला**–गया एच0ओ0, गया आर0एस0, बुनियादगंज, बोधगया, शेरघाटी, **जहानाबाद जिला**–जहानाबाद एच0ओ0, जहानाबाद कचहरी, **अरवल जिला**–अरवल, **नवादा जिला**–नवादा एच0ओ0, वारसलीगंज, हिसुआ, **औरंगाबाद जिला**–औरंगाबाद एच0ओ0, रफीगंज, दाउदनगर, **भोजपुर जिला**–आरा एच0ओ0, आरा चौक, आरा कचहरी, एच0डी0 जैन कॉलेज, महाराजा कॉलेज, पकरी, पीरो, **बक्सर जिला**–बक्सर एच0ओ0, नई बाजार, डुमराँव, **रोहतास जिला**–सासाराम एच0ओ0, डालमियानगर, डेहरी ऑन–सोन, **कैमूर जिला–**भभुआ, **मुजफ्फरपुर जिला**–मुजफ्फरपुर एच0ओ0, रमना, **वैशाली जिला**–हाजीपुर एच0ओ0, महनार, लालगंज, **शिवहर जिला**–शिवहर, **सीतामढ़ी जिला**–सीतामढ़ी एच0ओ0, सीतामढ़ी बाजार, **सारण जिला**–छपरा एच0ओ0, भगवान बाजार, छपरा डिस्ट्रिक्ट बोर्ड, राजेन्द्र कॉलेज, मढ़ौरा एच0ओ0, **सिवान जिला**–सिवान एच0ओ0, सिवान स्टेशन रोड, **गोपालगंज जिला**–गोपालगंज एच0ओ0, मीरगंज, **पश्चिमी चम्पारण जिला–**बेतिया एच0ओ0, **पूर्वी चम्पारण जिला**–मोतिहारी एच0ओ0, मोतिहारी कोर्ट, **बगहा जिला**–बगहा, नरकटियागंज, **दरभंगा जिला**–दरभंगा एच0ओ0, लहेरियासराय एच0ओ0, **मधुबनी जिला**– मधुबनी एच0ओ0, **समस्तीपुर जिला**–समस्तीपुर एच0ओ0, दलसिंहसराय, **पूर्णियाँ जिला**–पूर्णियाँ एच0ओ0, **कटिहार जिला**–कटिहार एच0ओ0, **किशनगंज जिला**–किशनगंज, **अररिया जिला**–अररिया, **सहरसा जिला**–सहरसा एच0ओ0, **मधेपुरा जिला**–मधेपुरा, मधेपुरा कॉलेज, **सुपौल जिला**–सुपौल, **भागलपुर जिला**–भागलपुर एच0ओ0, भागलपुर सिटी, टी0एन0बी0 कॉलेज, सुलतानगंज, नाथनगर, सबौर, **बाँका जिला**–बाँका एच0ओ0, **नवगछिया जिला**–नवगछिया, **मुंगेर जिला**–मुंगेर एच0ओ0, जमालपुर, **जमुई जिला**–जमुई एच0ओ0, **बेगूसराय जिला**–बेगूसराय एच0ओ0, बरौनी, **लखीसराय जिला**– लखीसराय, **शेखपुरा जिला**– शेखपुरा, **खगड़िया जिला**– खगड़िया **(कुल संख्या–100)** ।

**Acknowledgement Slip/Advt.No.01/2014/Current Vacancy/ CSBC, Bihar, Patna**

Application No.

Name :

Father's / Husband's Name:

Postal Address:

Colour Photograph of the Candidate (3.5 c.m. x 4.5 c.m.)

District:

Pin:

Signature of the Candidate

**Acknowledgement Slip/Advt.No.01/2014/Current Vacancy/ CSBC, Bihar, Patna**

Application No.

Name :

Father's / Husband's Name:

Postal Address:

Colour Photograph of the Candidate (3.5 c.m. x 4.5 c.m.)

District:

Pin:

Signature of the Candidate